हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री



शहर के गौरव महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण की बाढ़, घट रहा हरियाली का क्षेत्र




### आगामी वर्ष से बांकी बांध का पानी पेयजल के लिए आरक्षित

# भीषण गर्मी में घट रहा बांधों का जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गर्मी का असर नदी-नालों व सिंचाई बांधों पर भी पड़ा है। भीषण गर्मी में नदियों की धार पतली पड़ गई है वहीं नाले पूरी तरह सूख चुके हैं। अधिकांश छोटे बांधों का भी पानी सूख चुका है। गर्मी में मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का जलस्तर भी कम हुआ है लेकिन राहत की बात है कि अभी भी सभी बांधों में पर्याप्त पानी है।

**खास बात**

- सबसे बड़े घुनघुट्टा बांध में 34 फीसदी पानी

सरगुजा में तेजी से खेती का तरीका बदल रहा है। किसान अब अधिक आय देने वाली फसलों की खेती पर ध्यान दे रहे हैं। जिसके कारण सब्जियों की खेती के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। खेती के लिए किसान स्वयं के सिंचाई साधन भी विकसित कर रहे हैं। शासन द्वारा भी बांधों के माध्यम से खरीफ एवं रबी फसलों के लिए लगातार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई में अधिक पानी की जरूरत होने के कारण शासन द्वारा सिंचाई को प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि शासन के प्रतिबंध का किसानों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। किसान नदी-नालों को घेरकर खेत बना दिए हैं तथा बड़े क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे हैं। विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार गन्ना व सब्जियों फसल को नहरों के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण गर्मी में अन्य जलस्त्रोतों की तरह सिंचाई बांधों का भी पानी लगातार वाष्पित होता है जिसका प्रभाव जलस्तर पर पड़ता है। दो साल पूर्व गर्मी के मौसम में बांकी बांध के सूखने से शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी लेकिन इस साल राहत की बात है सभी मध्यम सिंचाई बांधों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। सबसे बड़े एवं बहुउपयोगी श्याम घुनघुट्टा बांध में क्षमता का 34 फीसदी कुल 22 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी अभी भी भंडारित है। इसी तरह बरनाई सिंचाई बांध में क्षमता का 38 फीसदी कुल 4.26 मिलियन क्यूबिक मीटर, बांकी बांध में क्षमता का 44.55 फीसदी कुल 7.6 मिलियन क्यूबिक मीटर एवं कुंवरपुर सिंचाई बांध में क्षमता का 39 फीसदी कुल 6.2 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। अधिकारी बांधों में उपलब्ध पानी को पर्याप्त बता रहे हैं। मध्य जून में दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश होने लगती है। गर्मी में शेष बचे एक महीने के लिए पानी को पर्याप्त बताया जा रहा है।



बांकी बांध।

## बांकी बांध से नहीं मिलेगी सिंचाई सुविधा

आगामी वर्ष से किसानों को बांकी बांध से सिंचाई की सुविधा नहीं मिलेगी। लम्बे समय से बांध के पानी का उपयोग शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। पीएचई बांध के पास ही खैरबार समूह जल आवर्धन योजना का निर्माण करा रहा है। एक साल में योजना का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के पूर्ण होने पर विभाग बांध के पानी को स्वच्छ कर विकासखण्ड लुण्ड्रा के 23 गांवों में बनी टंकियों को भरेगा। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ बांध का पानी पेयजल के लिए उपयोग करने संबंधी करार भी किया है। करार के अनुसार बांध का संपूर्ण 14 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का उपयोग नगर निगम अम्बिकापुर एवं खैरबार समूह जल आवर्धन योजना के लिए किया जाएगा। आगामी वर्ष से बांध का संपूर्ण पानी पेयजल आपूर्ति के लिए आरक्षित होने के कारण अब सिंचाई के लिए बांध के पानी का उपयोग नहीं किया जाएगा। ननि क्षेत्र की आधी आबादी को अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध का पानी तथा शेष को बांकी बांध का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### होती है पानी की समस्या

श्याम घुनघुट्टा बांध घुनघुट्टा नदी पर बना है तथा नदी से मैनपाट के पहाड़ों का पर्याप्त पानी पहुंचने के कारण बड़ा होने के बावजूद सबसे पहले घुनघुट्टा बांध लबालब होता है तथा कई बार बारिश में सभी 8 गेटों को खोलने की जरूरत पड़ जाती है। इसके विपरीत बांकी नदी पर अवैध कब्जा होने के कारण बांध में सिर्फ आसपास के पहाड़ों का पानी पहुंचता है। 6 वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद पिछले साल बांध लबालब हुआ था जबकि इसके पूर्व के वर्षों में बांध में 60 से 70 फीसदी ही जलभराव होता था। बांध में पूरा पानी नहीं भरने की स्थिति में पेयजल आपूर्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके लिए विभाग को समय रहते बांकी नदी सहित अन्य प्राकृतिक स्रोतों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कारगर पहल करनी पड़ेगी।

### बांधों में पर्याप्त पानी

सिंचाई बांधों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है तथा आवश्यकता के अनुसार सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बांध क्षेत्र में गन्ने एवं सब्जियों की फसल का रकबा लगभग नगण्य है। बांध क्षेत्र में कहीं भी सिंचाई के लिए पानी की समस्या नहीं है। पेयजल के लिए भी आवश्यकता के अनुरूप पानी की आपूर्ति की जा रही है।

-एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग

# 18 दिनों बाद मई में पहली बार पारा पहुंचा 41.1 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार एक पखवाड़े से अधिक समय तक राहत देने के बाद फिर से गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को मई में पहली बार मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में क्रमशः तापमान में वृद्धि होने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- अब पड़ेगी भीषण गर्मी

अप्रैल के अंतिम दिनों में भीषण गर्मी पड़ी थी तथा 30 अप्रैल को दिन का तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। मई का महीना शुरू होते ही उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होते रहे। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण प्रति चक्रवात एवं द्रोणिका के प्रभावी होने के करण खाड़ी से नमी आती रही। इस दौरान तेज रफ्तार अंधड़ के साथ ही कुछ क्षेत्रों में बीच-बीच में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश भी हुई। इस दौरान शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश हुई। जिसके कारण मई की शुरूआत से ही तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस के मध्य बना रहा। बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि होने के कारण मई में लगातार एक पखवाड़े से अधिक समय तक गर्मी से राहत रही। हालाकि अभी भी उत्तर भारत में एक कमजोर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी हैं जिसके प्रभाव से अभी भी खाड़ी से नमी पहुंच रही है। वातावरण में पूर्व से भी पर्याप्त नमी उपलब्ध है। इधर राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसका प्रभाव छत्तीसगढ़ तक पड़ रहा है। साथ ही पिछले तीन दिनों से तापमान में क्रमशः वृद्धि हो रही है। मई में पहली बार मंगलवार को दिन का तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग अब तापमान में क्रमशः वृद्धि होने के साथ ही आने वाले दिनों में गर्म हवा के थपेड़े चलने की संभावना व्यक्त कर रहे है। इस दौरान लोगों को वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से उमस का सामना करना पड़ेगा। मौसम अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में उत्तरपूर्वी यूपी एवं उससे सटे बिहार के ऊपर, उप हिमाचली पश्चिम बंगाल एवं आसपास के क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्र के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं पश्चिमी मध्यप्रदेश से दक्षिण कर्नाटक एवं दक्षिण पूर्वी अरब सागर से लेकर दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण तक द्रोणिका प्रभावी है जिसके प्रभाव से लगातार नमी पहुंच रही है। इन मौसमी घटकों के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की भी संभावना है लेकिन छत्तीसगढ़ इनके प्रभाव से अछूता रहेगा तथा लोगों को भीष्ण गर्मी से जूझना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### बिल्हमा के 19 ग्राम पंचायतों हेतु जनसमस्या निवारण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 20 मई को विकासखण्ड लुण्ड्रा के शिविर स्थल बिल्हमा (बाजार शेड के पास) में शिविर लगेगा। जिसमें 19 ग्राम पंचायतों बिल्हमा, छेरमुण्डा, दुन्दु, आसनडीह, रघुपुर, जोरी, बबौली, धौरपुर, अमड़ी, कुदर, कर्रा, चंगोरी, पड़ौली, डुमकी, सखौली, जमीरा, करौली, ककनी, बरकोल के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लुण्ड्रा एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लुण्ड्रा होंगे।

### विक्की भगत का चयन प्रदेश की जूनियर बास्केटबॉल टीम में

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ी विक्की भगत का चयन प्रदेश की जूनियर बालक बास्केटबॉल टीम में हुआ है। विक्की अब पुडुचेरी में आयोजित होने वाली 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 22 से 29 मई 2026 तक आयोजित होगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विक्की पिछले कई वर्षों से गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित अभ्यास कर रहा है। वह बेहद मेहनती और संघर्षशील खिलाड़ी है। आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाले विक्की सुबह बास्केटबॉल अभ्यास करने के बाद अपने पिता के साथ ठेले पर फल बेचने में सहयोग करता है। इसके साथ ही वह अपनी पढ़ाई भी जारी रखे हुए है और शाम को पुनः अभ्यास के लिए ग्राउंड पहुंचता है। उन्होंने कहा कि विक्की भगत की मेहनत, लगन और संघर्ष सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने अपनी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर अनिल सिंह मेजर, आदित्येश्वर शरण सिंह, गौरव सिंह, केपी सिंह, सौरभ सिंहा, निशांत सिंह, रजत सिंह सहित संघ के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।



### बिस्तर पर सोते समय करेंट से महिला की मौत, हत्या का आरोप

**अंबिकापुर।** उदयपुर क्षेत्र में एक महिला की करेंट से मौत हो गया। बिस्तर पर सोते समय करेंट लगने से महिला ने दम तोड़ दिया। इधर महिला की मौत के बाद परिजन ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। इधर मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मणगढ़ निवासी सेतो बाई का विवाह लैंगा निवासी संत लाल से वर्ष 2020 में सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। शादी के बाद महिला दो बार गर्भवती हुई लेकिन उसके बच्चे नहीं बच पाए। इसी बात को लेकर उनके बीच पिछले दो सालों से विवाद चल रहा था। विवाद को सुलझाने के लिए दो बार सामाजिक बैठक भी बुलाई गई थी। इस बीच बीती रात महिला की घर के बिस्तर पर सोते समय करेंट लगने से मौत हो गई। महिला की मौत के बाद भाई राजेंद्र प्रसाद ने मृतिका के पति पर हत्या का आरोप लगाया है और मामले में जांच की मांग की है। इस संबंध में उदयपुर थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह ने बताया कि महिला की मौत करेंट से हुई है। मामले की जांच चल रही है लेकिन फिलहाल हत्या की पुष्टि नहीं हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, अर्धनग्न अवस्था में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक किराए के मकान में महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में अर्धनग्न लाश मिली है। घर में महिला और उसके दो छोटे बच्चे ही थे जबकि पति सुबह सुबह उठकर मजदूरी करने कुसमी चला गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मणिपुर थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन फिलहाल यह तय नहीं हो पाया है कि महिला की हत्या हुई है या फिर मौत का कोई और कारण है। अधिकारी पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है।

- टीपी नगर क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस, पीएम के बाद पता चलेगा मौत का कारण

बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजु निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पति जमुना चिकवा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर कदम पारा में किराए के मकान में पति व दो बच्चों के साथ रहती थी। जमुना चिकवा मजदूरी का काम करता है। पुलिस के अनुसार बच्चों ने पुलिस को बताया कि रात के समय सुखमनिया और जमुना चिकवा ने साथ बैठकर शराब पीया और फिर सभी सोने चले गए। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। सुबह उठकर जमुआ चिकवा मजदूरी करने के लिए बलरामपुर जिले के कुसमी चला गया। इस दौरान जब महिला के बच्चे सोकर उठे तो उन्होंने मां को जगाने का प्रयास किया लेकिन मां ने कोई जवाब नहीं दिया जिससे बच्चे दहशत में आकर चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आस पास रहने वाले लोग घर पहुंचे और जाकर देखा तो महिला अर्धनग्न अवस्था में पड़ी थी और उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा लेकिन देर शाम तक ना ही महिला का पति पहुंचा और ना ही कोई परिजन आए ऐसे में फिलहाल मृतिका का पीएम नहीं हो सका है। प्रारंभिक जांच में मृतिका के शरीर पर चोट के निशान भी नहीं मिले है। महिला के पैर के तलवे में ही चोट के निशान है लेकिन इस चोट से मौत नहीं हो सकती इसलिए फिलहाल महिला के मौत का कारण पता नहीं चल सका है। अधिकारी महिला के परिजन के आने का इन्तजार कर रहे है जिसके बाद उसका पीएम किया जाएगा। पीएम के बाद ही महिला के मौत का कारण पता चल सका।

इस संबंध में थाना प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि परिजन के आने के बाद पीएम कराया जाएगा। पीएम के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। फिलहाल महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

# लटोरी सीएचसी में आपत्कालीन ड्यूटी डॉक्टर नदारद, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों कड़ाई के बाद भी स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। सख्त निर्देश के बाद भी चिकित्सक अपनी ड्यूटी से नदारत रहते है और इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। एक बार फिर इसी तरह की लापरवाही का मामला सामने आया है।

- जेडी हेल्थ ने देर रात किया निरीक्षण

सोमवार की रात 8.30 बजे संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में आपातकालीन ड्यूटी में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी ही अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही अस्पताल में गंदगी गिल हुई थी। अस्पताल के नोटिस बोर्ड में आपात ड्यूटी डॉक्टर, स्टॉफ नर्स व अन्य स्टॉफ का नाम एवं मोबाईल नंबर रोस्टर में अपडेट नहीं था जिसपर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल से अनावश्यक मरीजों को रिफर ना किया जाए। यदि रिफर की स्थिति बनती है तो कारण सहित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया जाए। अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय कार्यक्रम से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की आईईसी पलेक्स कम संख्या में लगे हुए थे जिसपर उन्होंने अधिक से अधिक योजनाओं के फ्लैक्स लगाकर योजनाओं एक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हीट वेव की स्थिति को देखते हुए आवश्यक तैयारियों के साथ अलर्ट मोड़ में तैयार रहे। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का अवलोकन करने पर पता चला कि 9 कर्मचारी अधिकारी पूर्व में अनुपस्थित रहे है। ऐसे में जेडी ने अनुपस्थित कर्मचारियों व चिकित्सकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।



# राधाकृष्ण मंदिर गली स्थित व्यवसाई के घर लगी आग

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर स्थित राधाकृष्ण मंदिर के समीप रहने वाले व्यवसायी मुकेश अग्रवाल के घर में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद पूरे घर में धुआं भर गया और विस्फोट जैसी आवाजें आने लगीं, जिससे घर में सो रहे लोगों की नींद खुली, घटना में घर और दुकान का सामान जलकर खाक हो गया, नुकसान का अनुमान पांच से छह लाख रुपए का बताया जा रहा है।

- लाखों का सामान जलकर खाक

जानकारी के अनुसार राधाकृष्ण मंदिर के बाजू में आकाश गंगा गिफ्ट गैलरी नाम से दुकान संचालित करने वाले मुकेश अग्रवाल मंगलवार की सुबह अपने पिता नरेश अग्रवाल के साथ घर में सो रहे थे, जबकि उनकी मां मंदिर गई हुई थीं और परिवार के अन्य सदस्य मायके गए थे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक विस्फोट जैसी आवाज सुनाई दी। देखते ही देखते घर में धुआं भर गया। अनहोनी की आशंका पर मुकेश अग्रवाल ने अपने पिता को उठाकर बाहर निकाला और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मुकेश अग्रवाल ने बताया कि घर में लगी आग फैलकर सामने स्थित दुकान तक पहुंच गई, जिससे दुकान में रखा काफी सामान भी जल गया। आग की चपेट में आकर घर में रखी स्कूटी, सोफा, फर्नीचर सहित अन्य घरेलू सामान तथा दुकान का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।



### एसडीएम को जांच के निर्देश, धोखे से जमीन की रजिस्ट्री कराने का लगाया था आरोप

# भिट्ठीकला में 3.14 एकड़ भूमि की खरीद बिक्री पर कलेक्टर ने लगाईं रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भू माफियाओं द्वारा विधवा महिला की जमीन को धोखे से हड़पने के मामले को कलेक्टर सरगुजा ने गंभीरता से लिया है। वृद्ध महिला और ग्रामीणों की शिकायत के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने भिट्ठीकला के भूमि खसरा नम्बर 782, 783 एवं 790 रकबा कुल 1.271 हेक्टेयर भूमि के संबंध में प्राप्त आवेदन पर सुनवाई करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त भूमि के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी है और यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं एसडीएम को सात दिनों में जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है।


बता दें कि सोमवार को भिट्ठीकला महुआटिकरा निवासी श्रीमती सावित्री यादव पति स्व. बंधन यादव के साथ ही बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान विधवा महिला ने बताया था कि भिट्ठीकला तहसील अम्बिकापुर मे भूमि खसरा कमांक 782, 783, 790 रकबा क्रमशः 0.680, 0.502, 0.089 कुल रकबा 1.271 हे. भूमि स्थित है। महिला का रायपुर मालती स्टाइल महोबा बाजार कोटा रोड निवासी पुष्पा अग्रवाल पति अनिल अग्रवाल से उक्त भूमि में से महज 24 डिसमिल भूमि को 3 लाख रूपए प्रति डिसमिल के हिसाब से कुल 72 लाख रूपए में बिक्री करने का सौदा हुआ था लेकिन पुष्पा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के साथ ही भू माफिया भिट्ठीकला निवासी डोमन राजवाड़े आ. प्रभु, सागर विश्वकर्मा, जीतन विश्वकर्मा, आशीष उर्फ बाबा व संजय गुप्ता आ. बसंतलाल गुप्ता के द्वार षड्यंत्र पूर्वक सम्पूर्ण रकबा से 1.271 हेक्टेयर (3.14 एकड़) भूमि का धोखाधड़ी करते हुये फर्जी विकय पत्र 15 मई 2026 को निष्पादित करा लिया गया है। 24 डिसमिल का सौदा कर 3.14 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री कराने से परिवार को करोड़ो का नुकसान हो रहा है इसके साथ ही परिवार को धमकी दी जा रही है। कलेक्टर ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती सावित्री यादव पति स्व. बंधन यादव के स्वामित्व की ग्राम भिटठीकला तहसील अम्बिकापुर में स्थित भूमि खसरा कमांक 782, 783, 790 रकबा क्रमशः 0.680,0.502,0.089 कुल रकबा 1.271 हे. भूमि के कय-विक्रय पर आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए रोक लगा दी है और उक्त भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने एसडीएम को मामले की सात दिनों में जांच करने व तहसीलदार को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।



24 डिसमिल का पैसा देकर हड़प ली 3.17 एकड़ जमीन

# तेंदूपत्ता के अवैध परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 19 मोटरसायकल जब्त

**रामानुजगंज।** वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता के अवैध संग्रहण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत वन परिक्षेत्र धमनी एवं रघुनाथ नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा दोनों क्षेत्रों में अस्थाई बैरियर स्थापित कर सघन जांच अभियान चलाया गया। वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र धमनी में 11 तथा वन परिक्षेत्र रघुनाथनगर में 8 बाइक को तेंदूपत्ता के अवैध परिवहन में संलिप्त पाया। इस दौरान कुल 19 बाइक को जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि संबंधित व्यक्ति दूसरे राज्यों से तेंदूपत्ता अवैध रूप से लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने की तैयारी में थे, जो कि छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता अधिनियम 1964 का उल्लंघन है। जब्त किए गए तेंदूपत्ता एवं वाहनों का विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार कर उन्हें वन विभाग की अभिरक्षा में रखा गया है। कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेई के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी प्रेमचंद मिश्रा के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारियों के नेतृत्व में की गई। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि तेंदूपत्ता का संग्रहण एवं परिवहन केवल निर्धारित नियमों के तहत ही किया जा सकता है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने लोगों से कहा कि अवैध वनोपज परिवहन की जानकारी तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



## खबर संक्षेप

### किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराना जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के किसानों के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज वितरण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन कराना आवश्यक है। अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों का पंजीयन नहीं होगा, उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। छग शासन द्वारा धान विक्रय एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन को जरूरी बनाया गया है। किसान अपना पंजीयन ऑनलाइन माध्यम से या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर यानी सेवा सेतु केन्द्र के जरिए करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, भूमि संबंधी दस्तावेज (खसरा एवं बी-1 की प्रति), बैंक पासबुक की कॉपी आवश्यक है।

### मुर्किल में जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुर्किल में विकसित संकल्प अभियान खरीफ 2026 के तहत कृषि जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुर्किल के सरपंच लखन प्रताप सिंह, जीआर सिंह चौहान एसएडीओ भरतपुर, धरमजीत भगत एडीओ कोटाडोल, रमाकांत सिंह आरएईओ कोटाडोल, एवीएफओ अरविंद कुमार तथा एमयूवी डॉ. नीला सिंह की उपस्थिति रही। शिविर में कुल 30 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 4 महिला कृषक एवं 25 पुरूष कृषक शामिल रहे। वहीं 25 आदिवासी किसानों और 1 पिछड़ा वर्ग के कृषक की सहभागिता दर्ज की गई।

### अवैध शराब बेचने वालों को भेजा जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध मदिरा के वारकरी परिवहन एवं बिक्री के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग द्वारा दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहली कार्रवाई ग्राम रोबो में मध्यप्रदेश से तस्करी कर लाई गई शराब की बिक्री की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। आरोपी श्रीमती कृष्णा लक्ष्मी पति शिव प्रसाद उम्र 50 वर्ष जाति रजवार निवासी रोबो थाना बैकुंठपुर के रिहायशी मकान से 6 पाव नग विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की और जरीकेन में भरी हुई 9 लीटर महुवा शराब जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सीजेएम कोर्ट बैकुंठपुर से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। चरचा क्षेत्र में मालती बुधराम बरगाह को अवैध रूप से 8 लीटर मदिरा विक्रय करते हुए पकड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बैकुंठपुर भेजा गया।

### दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** विधायक कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला के कुशल संचालन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंच पर जिला प्रशिक्षण कार्यशाला वर्ग प्रमुख राम लखन सिंह पैकरा, वर्ग प्रमुख भीमसेन अग्रवाल, संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, वर्ग नियंत्रक लखनलाल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, वर्ग नियंत्रक डोमरू बेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पटवा एवं जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**25 से शुरू होगा नवतपा, पारा 43 पर**


**सुबह होने के कुछ घंटे पश्चात ही सूर्य की गर्मी लोगों को झुलसा रही**

# तेज धूप से बढ़ी तपिश, भीषण गर्मी के प्रकोप से आमजन हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, इसके चलते लोगों का जन जीवन प्रभावित होने लगा है, वहीं जरूरी काम से लोग दिन के समय स्कार्फ व गमछा से चेहरे को ढंक कर निकल रहे हैं।

मौसम साफ होने के साथ ही लगातार धूप खिल रहा है, लेकिन सुबह होने के कुछ घंटे पश्चात से ही सूर्य की गर्मी झुलसाने लग रही है। यही कारण है कि दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कुछ कम हो जाती है। मौसम में सुधार होने के साथ ही लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ना शुरू कर दिया है। आगामी 25 मई से नवतपा की शुरूआत हो रही है, लेकिन इसके एक सप्ताह पूर्व से ही झुलसाने




वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था, चालू सीजन में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनो में गर्मी की प्रचंडता और बढेगी। ऐसे में नवतपा के दौरान धरती के खूब तपने की आशंका है। वर्तमान में तेज गर्मी के कारण दोपहर होने के साथ ही बाजार सूना पड़ जाता है बहुत कम लोगों की आवाजाही दोपहर के समय देखने को मिलती है, हालत यह है कि दोपहर के समय शरीर को झुलसाने वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। बाइक चालक एवं राहगीरों का हाल दोपहर के समय बेहाल हो रहा है, वहीं भीषण गर्मी के बीच जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है, इससे भी लोगों को धूप के बीच में जूझना पड़ रहा है।

### शीतल पेय दुकानों में बढ़ी भीड़

गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों के द्वारा शीतल पेय पदार्थो का सेवन इस समय अधिक कर रहे हैं। आईसक्रीम, फालूदा, कोलडिंक, सहित गन्ना रस की दुकानों में गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्राहकी तेज हो गई है। दोपहर से लेकर शाम ढलने के बाद तक शीतल पेय की दुकानों में लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। वहीं गर्मी से राहत पाने के लिए खीरा, तरबूज, खरबूजा की डिमांड भी अधिक बढ़ गई है। बेतहाशा गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य भी प्रभावित।

### तेज धूप से बचने की सलाह

चिकित्सकों ने बढ़ते तापमान और लू को देखते हुए लोगों को इस दौरान विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी है। लोगों को कहा गया है कि दोपहर के समय बिना वजह घर से बाहर न निकले यदि जरूरी काम से निकलना पड़े तो सुरक्षित तरीके से निकले। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने तो, पानी, तरल पदार्थ तथा ओआरएस का घोल,नीबू पानी पीते रहे। किसी तरह की परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे।

### भीषण गर्मी से वनांचल में जनजीवन प्रभावित

**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, जबकि शाम होते ही शीतल पेय एवं ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की हल्की भीड़ दिखाई दे रही है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जारी है। संग्राहक सुबह 5 बजे से ही जंगलों में पहुंचकर पत्ता संग्रहण में जुट जा रहे हैं, लेकिन तेज धूप और उमस के कारण दोपहर तक काम करना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य काफी प्रभावित हो रहा है और मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य निर्माण एवं श्रम आधारित कार्य भी गर्मी की वजह से प्रभावित हो रहे हैं। मजदूर अब केवल सुबह और शाम के समय ही काम कर पा रहे हैं। दोपहर के समय तेज गर्म हवाओं के चलते लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था और गर्मी से राहत के लिए आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

**चरचा कॉलरी की उचित मूल्य दुकान में अव्यवस्था चरम पर**

# गर्मी में राशन के लिए हितग्राही परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

भीषण गर्मी के बीच चरचा कॉलरी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की अव्यवस्था अब आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। सुबह से राशन लेने पहुंच रहे सैकड़ों हितग्राही घंटों धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर राशन नहीं मिल पा रहा। महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों की लंबी कतारें दुकान के बाहर रोजाना देखी जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका शिवपुर चरचा अंतर्गत संचालित इस उचित मूल्य दुकान से करीब 1200 बीपीएल और 500 से 1000 एपीएल राशनकार्ड धारक जुड़े हुए हैं। दुकान के बाहर लगी समय-सारिणी में संचालन का समय सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक अंकित है, लेकिन हितग्राहियों का आरोप है कि दुकान अक्सर करीब 10:30 बजे



खुलती है, इससे लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सबसे गंभीर बात यह है कि जिला प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए सभी उचित मूल्य दुकानों को सुबह 7 से रात 9 बजे तक संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन चरचा कॉलरी की दुकान में इन आदेशों का पालन नहीं हो रहा। दुकान परिसर में पेयजल और छाया जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है।

परिसर में रखा पानी का घड़ा अधिकांश समय खाली रहता है, जबकि छाया की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोग खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को विवश हैं। कई हितग्राही परेशान होकर बिना राशन लिए वापस लौट रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान का संचालन पूरी तरह अशासकीय कर्मचारियों के भरोसे किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी कभी निरीक्षण तक नहीं करते, इससे व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### लगातार बढ़ रहा जनआक्रोश

बढ़ती गर्मी के साथ लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि उचित मूल्य दुकान को निर्धारित समय पर खोला जाए, पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था की जाए तथा लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। वहीं लोगों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनआक्रोश बढ़ सकता है।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाभारी बुढ़ार में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- चार मासूम बच्चों को चाइल्ड केयर में मिला संरक्षण

घटना के बाद मृतिका और आरोपी के चार छोटे बच्चे माता-पिता के संरक्षण से वंचित हो गए, जिन्हें चाइल्ड केयर संस्था में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 मई को ग्राम परसाभारी बुढ़ार निवासी जगमोहन पंडो ने थाना पटना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रंगसाय पंडो ने अपनी पत्नी सोनामती पंडो की चरित्र शंका के चलते डंडे से हमला कर उसकी हत्या कर दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 139/2026 धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण, पंचनामा, गवाहों के बयान एवं आवश्यक जप्ती कार्रवाई की। जांच के



दौरान आरोपी रंगसाय पंडो द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करना प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने 19 मई को उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया गया। घटना में मृतिका एवं आरोपी के चार छोटे बच्चे दो लड़कियां और दो लड़के असहाय हो गए हैं। बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार तत्काल चाइल्ड केयर टीम को बुलाया गया। डायल 112 वाहन चालक महेश गोयल ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से चाइल्ड केयर संस्था पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में थाना पटना पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# नारकोटिक दवाओं की अवैध बिक्री और फर्जी क्लीनिक पर कार्रवाई



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में नारकोटिक एवं प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री तथा बिना अनुमति संचालित क्लीनिकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देश पर एसडीएम भरतपुर द्वारा विकासखंड भरतपुर अंतर्गत संचालित दवा दुकानों एवं संदिग्ध स्वास्थ्य संस्थानों के औचक निरीक्षण के लिए संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। इसके बाद रामगढ़ एवं जनकपुर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स, दवा दुकानों तथा संदिग्ध क्लीनिकों में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान पांच अन्य औषधि दुकानों में भी विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं सामने आइं, जिसके बाद संबंधित संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इनमें प्रदीप मेडिकल स्टोर्स, जनकपुर आलिया मेडिकल स्टोर्स, जनकपुर, केसरवानी मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, सिंह मेडिकल स्टोर्स, जनकपुर न्यू गुप्ता मेडिकल स्टोर्स, जनकपुर शामिल हैं।

# जगदगुरू रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**डोमनहिल।** जगदगुरू रामभद्राचार्य की पावन श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण राममय हो गया।

तीसरे दिन महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े कथा स्थल पहुंची। जगदगुरू ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म पालन और मर्यादा के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। तीसरे दिन की कथा में भगवान श्रीराम के बाल चरित्र, गुरु वशिष्ठ एवं विश्वामित्र के सान्निध्य तथा ताड़का वध प्रसंग का विशेष वर्णन किया गया। जगदगुरू ने कहा कि भगवान श्रीराम ने बाल्यकाल से ही सत्य, धर्म और मर्यादा का पालन कर समाज को आदर्श जीवन का संदेश दिया। गुरु की आज्ञा का पालन और समाज की रक्षा के लिए किए गए उनके कार्य आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा है। अपने संबोधन में उन्होंने लोगों से प्रेम, सेवा, त्याग और संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। जगदगरू ने श्रीराम के

- महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी पहुंची तीसरे दिन की कथा में



बाल्यकाल का वर्णन करते हुए कहा कि उनका बचपन जितना सरल था, उतना ही अद्भुत भी। बाल्यावस्था में ही उन्होंने अपने साहस, ईमानदारी और श्रेष्ठ गुणों से सभी को प्रभावित किया। ताड़का वध प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए साहस और कर्तव्यनिष्ठा आवश्यक है। कथा के दौरान राम वन गमन, भरत मिलाप और पादुका प्रसंग का मार्मिक वर्णन भी किया गया। जगदगुरू ने कहा कि पिता के वचनों की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम का वनगमन त्याग और कर्तव्य पालन का सर्वोच्च उदाहरण है। वहीं भरत मिलाप को प्रेम, समर्पण और भाईचारे की अनुपम मिसाल बताया गया। उन्होंने कहा कि भरत जी द्वारा प्रभु श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर स्वयं को केवल प्रतिनिधि मानकर राज्य संचालन करना त्याग और मर्यादा की अद्वितीय मिसाल है।

प्रवचन के दौरान उन्होंने नारी के महत्व और उसकी गरिमा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में नारी को सृजन शक्ति और संस्कारों की आधारशिला माना गया है। भगवान श्रीराम द्वारा माता कौशल्या को माता के रूप में चुनने के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि के निर्माण और संस्कारों की प्रथम आधार है। कार्यक्रम स्थल पर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। कथा के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**आपातकाल के लिए हेल्पलाइन जारी**

# ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में आज दवा दुकानें रहेंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ऑनलाइन फामेर्सी के विरोध एवं दवा विक्रय व्यवस्था में प्रभावी कानून बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संगठन एआईओसीडी के आह्वान पर 20 मई को कोरिया एवं एमसीबी जिले की सभी निजी दवा दुकानें बंद रहेंगी।

कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन फामेर्सी के माध्यम से बिना पर्याप्त सत्यापन और चिकित्सकीय निगरानी के दवाओं की बिक्री भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 पारंपरिक दवा विक्रय प्रणाली को ध्यान में रखकर बनाए गए थे, जबकि ऑनलाइन दवा विक्रय के लिए अब तक कठोर और प्रभावी नियामक व्यवस्था लागू नहीं की गई है। संघ के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से अमानक और नकली दवाओं के प्रसार, नशे एवं आदत बनाने वाली दवाओं के दुरूपयोग, एंटीबायोटिक के अनियंत्रित उपयोग तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श दवा वितरण की आशंका लगातार बढ़




रही है। साथ ही मरीजों की निजी स्वास्थ्य जानकारी और व्यक्तिगत डेटा के अनियंत्रित उपयोग व डेटा शेयरिंग को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई है। संघ का कहना है कि यदि स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील जानकारी अनधिकृत अथवा विदेशी प्लेटफॉर्म तक पहुंचती है, तो यह नागरिकों की गोपनीयता एवं डिजिटल सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। संघ ने बताया कि देशभर में लगभग 12.4 लाख केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट तथा फार्मा उद्योग से जुड़े 5 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका पर भी इसका असर पड़ सकता है। इस बंद को छग चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

आम जनता से अपील की गई है कि वे आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पहले से कर लें। हालांकि रेड क्रॉस एवं जन औषधि केन्द्र इस बंद से अलग रहेंगे, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित न हों। इसके लिए मयंक गुप्ता, नंद किशोर रजवाड़े,हीरा लाल गुप्ता पटना, सोनू मोदी चरचा, राजन पांडेय सोनहत, नरेन्द्र जायसवाल बचरापोड़ी, एमसीबी जिला सुरेन्द्र प्रताप सिंह मनेन्द्रगढ़, अतुल अग्रवाल मनेन्द्रगढ़, रामबाबू अग्रवाल,रविकांत शुक्ला, अशोक सिंह जनकपुर, संदीप गुप्ता जनकपुर, बिजेन्द्र देवांगन खड़गवां से संपर्क कर सकते हैं। यह बंद जनता के स्वास्थ्य हित, मरीजों की सुरक्षा तथा दवा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर किया जा रहा है।

# सराफा व्यापार ठप, व्यापारियों के समर्थन में सड़क पर उतरी कांग्रेस



**बैकुण्ठपुर।** पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि, खाद्य सामग्री की बढ़ती महंगाई एवं सराफा संकट को लेकर चल रहे चार दिवसीय आंदोलन के तीसरे दिन आज बैकुंठपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सर्राफा व्यापारियों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

- कांग्रेस ने झालमुरी खिलाकर जताया विरोध

कांग्रेस सड़क पर उतरे और सराफा बाजार पहुंचकर व्यापारियों के साथ सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध किया गया। केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण छोटे व्यापारी बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से झालमुरी बेचकर यह संदेश दिया कि यदि यही स्थिति रही तो सराफा व्यापारियों का हाल ऐसा हो जाएगा कि उन्हें अपना व्यवसाय छोड़ छोटे-मोटे काम करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### 22 गांव के किसानों को दिया गया तकनीकी ज्ञान

**डांड़गांव।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विभाग के अधिकारी गांव गांव पहुंच रहे है और किसानों को उन्नत तकनीक का ज्ञान दे रहे है।विकासखंड में 5 मई से चलाए जा रहे अभियान में अब तक 22 गांव के किसान को तकनीकी ज्ञान दिया गया साथ ही किसानों की समस्याओं का तत्काल निदान किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम चकेरी में कृषक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम चकेरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक कृषि, उन्नत बीज, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित नवीन जानकारिया प्रदान करना है। कृषि विभाग के कृषि विकास अधिकारी राधा कृष्णन ने समन्वित व संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कैलाश सिंह एवं बीडीसी मुन्ना सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं चार मवेशी तस्करों को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

**अम्बिकापुर।** बजरंग दल के विजय यादव, मोनू तिवारी, भूपेंद्र गुप्ता,आकाश यादव सहित ग्रामीणों के सतर्कता से पिकअप क्रमांक यूपी 64 बी टी 5888 में चार मवेशी भरे वाहन को पकड़ा जिसमें चार मवेशी तस्कर बालमपुर निवासी सुरेश यादव आ. बसंत यादव (29 वर्ष), नारायण यादव आ. रामेश्वर यादव निवासी उच्चडीह रघुनाथपुर (23 वर्ष), जितेंद्र यादव आ. रघुनाथ यादव (23 वर्ष) निवासी सुपाचूंवा म्योरपुर उत्तरप्रदेश , देवनारायण पांडो आ.बाबूलाल पांडों (24 वर्ष) निवासी बराईडांड सनावल को मौके से पकड़ सीतापुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। पिकअप में भरे मवेशियों को बजरंग दल व ग्रामीणों द्वारा आजाद कराया गया। इस संबंध में सीतापुर एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार गौ तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है। 4 लोगों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत करवाई की जाएगी साथ ही पकड़े पिकअप वाहन को राजसात किया जाएगा।

### विभाग की निष्क्रियता से साल दर साल बढ़ रहा अतिक्रमण

# शहर के गौरव महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण की बाढ़, घट रहा हरियाली का क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


शहर के गौरव महामाया पहाड़ पर धड़ल्ले से चल रहा अवैध अतिक्रमण रूकने का नाम नहीं

**खास बात**

- अतिक्रमणकारियों के कब्जे में 1300 एकड़ से अधिक भूमि

ले रहा है। लगातार शिकायतों के बाद विभाग अतिक्रमण की कार्रवाई भी कर रहा है लेकिन घटने के बजाय साल दर साल अवैध अतिक्रमण की संख्या में वृद्धि हो रही है साथ ही लगातार हरियाली का क्षेत्र घट रहा है।

पहली बार वर्ष 2017 में महामाया पहाड़ पर बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण होने का मामला सामने आया था तथा तत्कालीन वन अधिकारियों पर अवैध अतिक्रमण कराने के आरोप लगे थे। शहर से सटे महामाया पहाड़ के सुरक्षित वनक्षेत्र में चल रहे अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक विरोध होने के कारण वन विभाग को पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कराना पड़ा। इस दौरान खैरबार, नवागढ़ एवं श्रीगढ़ क्षेत्र की जांच में कुल 268 अवैध अतिक्रमण पाए गए थे। विभाग की जांच में यह बात भी सामने आई कि पहाड़ी पर वर्षों से निवासरत 525 लोगों को वन अधिकार पत्र जारी किया है। कुछ वन अधिकार पत्र धारकों ने स्टाम्प पर बाहर के लोगों को अपने भूमि का विक्रय कर दिया है। नियम विरूद्ध विक्रय पर विभाग ने ऐसे वन अधिकार पत्रों को निरस्त करने की भी कार्रवाई की। कालांतर में ग्राम पंचायत नवागढ़ एवं श्रीगढ़ ननि में शामिल हो गए। अवैध अतिक्रमण को लेकर विभाग की लगातार किरकिरी होने के बाद अधिकारी-कर्मचारी कुछ समय तक सक्रियता दिखाए तथा बाद में पहाड़ी क्षेत्र को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भूल गए। इसका नतीजा हुआ कि वनक्षेत्र में अतिक्रमण घटने के बजाय साल दर साल बढ़ता रहा। जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर हाल में कराई गई जांच में महामाया पहाड़ी पर 585 अवैध अतिक्रमण पाए गए हैं। जाहिर है कि वनकर्मियों ने अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए कोई पहल नहीं की तथा अतिक्रमणकारियों को पक्के मकान बनाने की छूट दे दी। हाल के दिनों में वर्तमान में खैरबार, बधियाचुंआ, डबरीपानी, नवागढ़, ग्राम तकिया क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण हुए है। जानकार संरक्षित वन क्षेत्र में 400 एकड़ से अधिक वन भूमि में अवैध अतिक्रमण होने की बात कह रहे हैं।



#### नोटिस की मियाद एक माह पूर्व समाप्त

महामाया पहाड़ी पर हाल के दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में 585 लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। विभाग ने इनमें से 241 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने की अंतिम नोटिस भी जारी कर चुका है। नोटिस की मियाद 29 मार्च को ही समाप्त हो चुकी है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। यह भी बात सामने आ रही है कि विभाग द्वारा जारी नोटिस के विरोध में लगभग 30 अतिक्रमणकारियों ने उच्च न्यायालय से स्थगन हासिल किया है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि विभाग वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर पहल नहीं कर रहा है जिससे पहाड़ी पर अवैध अतिक्रमण नहीं रूक रहा है तथा कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। यह भी स्पष्ट है कि वन अधिकार पत्र के लिए 70 साल का अतिक्रमण जरूरी होने के कारण किसी को भी वन अधिकार पत्र की पात्रता नहीं है। ऐसे में अतिक्रमण का लाभ लम्बे समय तक नहीं मिल सकता। विभाग की अंतिम नोटिस जारी करने के बाद लम्बे समय तक कार्रवाई से नहीं बच सकता।

#### तीन चरण में हटाए गए 102 अतिक्रमण

महामाया पहाड़ी की वनभूमि कक्ष क्रमांक 2581 एवं 2582 में विभक्त है। दोनों वनकक्ष में लगभग 1300 एकड़ भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। विभाग द्वारा अब तक तीन चरणों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर 102 अतिक्रमण हटाए गए है। प्रथम चरण में भारी विरोध के बीच विभाग 39 अतिक्रमण हटाए थे। दूसरे चरण में 42 एवं कुछ दिनों पूर्व ही विभाग ने तीसरे चरण में 21 अवैध अतिक्रमण विरोधी अभियान के पूर्व विभाग ने 152 अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी की थी लेकिन कार्रवाई मात्र 21 लोगों के विरूद्ध की गई।

#### डीएफओ की निष्क्रियता

महामाया पहाड़ से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रहे भाजपा नेता आलोक दुबे ने पहाड़ी पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के मामले में वनमण्डलाधिकारी पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण के मामले में विभाग द्वारा गंभीर कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके कारण पहाड़ी पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। समय रहते अवैध अतिक्रमणों को नहीं हटाया गया तो वनभूमि को संरक्षित रखने का अभियान ठंडा पड़ जाएगा तथा महामाया पहाड़ी अवैध अतिक्रमण के भेंट चढ़ जाएगी।

#### दिए हैं हटाने के निर्देश

महामाया पहाड़ी के सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**-दिलराज प्रभाकर**
मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत्त

## शिवपुर पंचायत में सचिव को अब तक नहीं मिला वित्तीय प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर




जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर में पदस्थ पंचायत सचिव को अब तक वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है। ऐसे में न सिर्फ पंचायत के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे है बल्कि ग्राम पंचायत के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिसंबर 2024 में सचिव की पदस्थापना किए जाने के बावजूद आज तक उन्हें पंचायत का वित्तीय प्रभार नहीं सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन पंचायत सचिव एवं जनपद स्तर के अधिकारियों की वजह से नए सचिव को कार्यभार मिलने में लगातार देरी हो रही है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों में भी नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पंचायत स्तर के विकास कार्यों और वित्तीय प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि सचिव की विधिवत पदस्थापना दिसंबर 2024 में हो चुकी थी, तो आखिर अब तक वित्तीय प्रभार क्यों नहीं सौंपा गया। इस संबंध में जनपद पंचायत रामानुजनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय ने बताया कि सचिव अनुभवहीन है इसी कारण वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र पाटने कहा कि मामले की जानकारी मिलने पर उचित कार्रवाई एवं जल्द प्रभार दिलाने की बात कही है।

## हेल्थ प्लस

### हीटवेव से बचाव में होम्योपैथिक चिकित्सा लाभप्रद : डॉ. द्विवेदी

**अम्बिकापुर।** बढ़ते तापमान एवं हीटवेव(लू) से बचाव को लेकर शहर के रिंग रोड चोपड़ापारा स्थित बृज होम्योपैथिक क्लीनिक के चिकित्सक डॉ.एएन द्विवेदी ने लोगों को सतर्क रहने एवं आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड,बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में गर्मी के मौसम के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, जिससे हीटवेव का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तेज धूप और शुष्क हवाओं के कारण लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर, कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में शरीर में पानी की अत्यधिक कमी जानलेवा भी साबित हो सकती है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि हीटवेव से बचाव के लिए सावधानी सबसे जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकले और विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में जाने से परहेज करें। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि लू लगने पर सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, कमजोरी, तेज बुखार, त्वचा में जलन, घमौरियां, भूख की कमी और पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इन परेशानियों से राहत के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा लाभकारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि आर्सेनिक एल्बम, कार्बोवेज, बेलाडोना, ग्लोनाइन, नैट्रम म्यूर, नैट्रम कार्ब, सल्फर एवं एपीस मेलिफिका जैसी दवाएं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपयोग की जा सकती है। खानपान को लेकर उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए तरबूज, नींबू पानी, आम का रस, नारियल पानी का सेवन करना चाहिए। साथ ही शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए ज़्यादा से ज़्यादा पानी पिये और अधिक मसालेदार एवं तैलीय भोजन से परहेज करना चाहिए।



## सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन के साथ होगा उर्स का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- निकाला जाएगा संदल चादर के साथ जुलुस, होगा कव्वाली का मुकाबला

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का 254 वां सालाना उर्स आज से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय उर्स की शुरुआत संदल चादर के साथ की जा ए गी । इसके साथ ही उर्स में सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उर्स के आयोजन को लेकर अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उर्स शरीफ धार्मिक व सांस्कृतिक मेल-मिलाप का संगम है। गैस और पेट्रोमेक्स की रोशनी में शुरू हुआ यह आयोजन अब भव्य रूप ले चुका है जिसमें शामिल होने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों व दिगर राज्यों से लोग पहुंचते हैं और बाबा के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पण करके मुराद पूरी होने की कामना करते हैं।

सदर इरफान सिद्दीकी ने आगे बताया कि 20, 21 व 22 मई को होने वाले उर्स शरीफ के कार्यक्रम को देखते हुए अंजुमन कमेटी की ओर से भव्य तैयारियां की गई हैं। कमेटी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उर्स शरीफ में इस बार विश्व में ख्यातिप्राप्त अजीज नाजा और कव्वाला तमन्ना बानो के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। इनके अलावा 15 शायर व कवि-कवियित्री प्रो. वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, राज कौशिक, नईम अखतर खादमी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम शाद, फैज खलीलाबादी, अतुल अजनबी, मारूफ रायबरेली, डॉ. मेहताब आलम, खुशबू श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगांवी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी आयोजन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि तकिया मजार शरीफ की खासियत यह है कि यहां एक देवी मंदिर है, जिसका देखरेख अंजुमन कमेटी और पीढ़ी दर पीढ़ी कोरवा समाज के बैगा के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि 1994 से 1997 के बीच प्रवीण कृष्ण जब सरगुजा कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे, तो वे उर्स के मौके पर दूर-दूर से आए दूसरे कौम के लोगों से मुलाकात की, और तकिया को सद्भावना ग्राम का दर्जा मिला था। सलाउद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि, उर्स शरीफ के आयोजन में हिंदू व उर्दू साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इस दौरान अंजुमन कमेटी के अफजाल अंसारी, लतीफ खान, रिजवान, जावेद खान, बंटी सिद्दीकी, अनीफ खान, सिकंदर खान सहित अन्य उपस्थित थे।



जानकारी देते कमेटी के अध्यक्ष।

### पड़ोसियों ने की महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रोड मगर ढोढा निवासी निर्मला पति अम्बरीश गुप्ता बीती रात घर में बच्चों के साथ ही थी। इसी दौरान पड़ोसी राका, उसके किरायेदार अमर साय व अमर साय का लड़ा एवं पत्नी उसके घर के सामने आकर गाली-गलौज कर रहे थे। घर के सामने हल्ला गुल्ला सुनकर महिला बाहर निकली तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296(बी), 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ऑटो पलटने से दबा चालक, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** ग्राम तुरना अंधा मोड़ के समीप सवारी से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि घायल यात्रियों का स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई है। दरिमा थाना ग्राम तुरना निवासी रविशंकर आ. धरम साय (23 वर्ष) सोमवार को अपने ऑटो से कुछ सवारियों को लेकर साप्ताहिक बाजार बेलखरिखा जाने के लिए निकला था। चालक जैसे ही ग्राम तुरना अंधा मोड़ के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे शराब को बचाने के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वहन के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि यात्रियों को मामूली चोटे आई। चालक सहित घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने चालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीती रात चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।







